# मैंने शराबी वाली बात नहीं कही : पटवारी

## महिलाओं को लेकर दिए बयान को खारिज किया, कहा- माताएं और बहनें पूज्यनीय

**भिंड/दतिया, 27 अगस्त. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हाल ही में वायरल हुए महिलाओं के शराब पीने संबंधी अपने कथित बयान को सिरे से खारिज किया है. उन्होंने कहा कि मैंने ऐसी कोई बात नहीं कही. मेरी माताएं और बहनें मेरे लिए पूजनीय हैं.**

उनके पैरों पर सिर रखकर प्रणाम करता हूं. मैं हमेशा उनके हक और अधिकार की लड़ाई लड़ता आया हूं और बिना डरे लड़ता रहूंगा. भिंड एवं दतिया में कांग्रेस द्वारा आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ सत्याग्रह रैलियों को संबोधित करते हुए पटवारी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा. बाद में प्रेस से बातचीत में उन्होंने अपने कथित बयान पर सफाई दी एवं ओबीसी आरक्षण पर सरकार को घेरा.



पटवारी ने ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सरकार पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया. उन्होंने कहा 8 अगस्त को सरकार ने न्यायालय में ओबीसी आरक्षण को रद्द करने का आवेदन दायर किया था. लेकिन आज उसी आवेदन को सुप्रीम कोर्ट से दूसरा आवेदन लगाकर वापस लिया गया. यह सरकार का दोहरा रवैया उजागर करता है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने महंगाई और सरकारी योजनाओं को लेकर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि लाडली लक्ष्मी योजना में सरकार ने 1800 रुपए देने का वादा किया था, लेकिन पूरा नहीं किया. महंगे गैस सिलेंडर और युवाओं को रोजगार न मिलना सरकार की नाकामी है. उन्होंने कहा विपक्ष में रहते हुए जनता की आवाज उठाना और सरकार को घेरना हमारा पहला कर्तव्य है, जिसे कांग्रेस पूरी मजबूती से निभा रही है.

**मैं हमेशा उनके अधिकार की लड़ाई लड़ता हूं**

**लाडलियों से किया वादा नहीं निभा रही सरकार**

> कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी बुधवार को शिवपुरी से होते हुए दतिया पहुंचे. उनका कार्यक्रम दोपहर 1 बजे का था, लेकिन वे करीब सायं 4.30 बजे पहुंचे. सिविल लाइन रोड स्थित कांग्रेस के नए जिला कार्यालय का उन्होंने फीता काटकर उद्घाटन किया. इसके बाद पीतांबरा माता के दर्शन किए और फिर वोट अधिकार यात्रा में शामिल होकर किला चौक पहुंचे, जहां वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को संबोधित किया. रात्रि में पटवारी भिंड पहुंचे एवं यहां भी एक मैरिज गार्डन में वोट चोर गद्दी छोड़ सत्याग्रह रैली को संबोधित किया.



# सांसद ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**सीधी, 27 अगस्त. सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने आज गणेश चतुर्थी के दिन जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. बुधवार दोपहर 3:30 बजे उन्होंने वार्डों में जाकर मरीजों से सीधी बातचीत की. मरीजों ने सांसद को बताया कि अस्पताल में पंखों की व्यवस्था ठीक नहीं है. जनरेटर भी लंबे समय से खराब है.**

बिजली जाने पर घंटों तक रोशनी नहीं रहती. सांसद ने इन समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया. डॉ. मिश्रा ने दवाइयों और इंजेक्शन की गुणवत्ता की जांच की. उन्होंने एक्सपायरी डेट और फार्मास्यूटिकल कंपनियों का डाटा भी देखा. मरीजों को केवल मानक दवाइयां देने के निर्देश दिए. सांसद ने अस्पताल के कंपाउंडरों और नर्सों की समस्याएं भी सुनीं. उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की मेहनत की सराहना की. त्योहारों पर भी सेवाएं प्रभावित न हों, इसके लिए जिम्मेदारी से काम करने का आग्रह किया. निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान भी मौजूद थे. सिविल सर्जन डॉ. एस. बी. खरे ने अस्पताल की व्यवस्थाओं और चुनौतियों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि सांसद के निर्देशों से अस्पताल की सेवाएं बेहतर होंगी.

# तंबाकू मुक्त समाज की ओर बच्चों का सार्थक कदम

## सांदीपनी विद्यालय साबाखेड़ा के विद्यार्थियों ने लिखे 100 पोस्टकार्ड

**मंदसौर,27 अगस्त. स्वस्थ समाज और नशामुक्त भविष्य की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए सांदीपनी विद्यालय साबाखेड़ा के विद्यार्थियों ने तम्बाकू मुक्त अभियान के अंतर्गत अपने परिवारजनों को कुल 100 पोस्टकार्ड लिखे.**




इन पोस्टकार्डों के माध्यम से बच्चों ने अपने पिता, भाई, दादा, नाना और मामा सहित परिवार के अन्य सदस्यों से तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट और शराब जैसी नशे की आदतों से दूर रहने का भावपूर्ण आग्रह किया. इन पत्रों में कई बच्चों ने हृदयस्पर्शी भाव व्यक्त करते हुए लिखा कि वे चाहते हैं कि उनके परिजन लंबे समय तक स्वस्थ रहें, बच्चों की देखभाल करें और उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए हमेशा उनके साथ बने रहें. कुछ बच्चों ने यहां तक लिखा कि घर के सदस्यों के नशे की आदत के कारण उनका मन पढ़ाई में नहीं लगता, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होता है. यह बच्चों की मासूम लेकिन गहरी चिंता समाज के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है.

> विद्यालय प्रशासन ने सभी पोस्टकार्ड सीधे विद्यार्थियों के पालकों को प्रेषित किए, जिससे बच्चों की सच्ची भावनाएं परिवार तक पहुंच सकें. यह पहल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व को दर्शाती है. सांदीपनी विद्यालय के बच्चे अपनी प्रतिभा, समझ और रचनात्मकता से न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि समाज सुधार की दिशा में भी एक सकारात्मक संदेश दे रहे हैं. कलेक्टर अदिति गर्ग ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल वास्तव में समाज के लिए प्रेरणादायी है.



# नीमच जिले में अब तक औसत 928 .7 मिमी वर्षा दर्ज

**नीमच,27 अगस्त. जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक औसत 928.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है. जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 809 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी. नीमच जिले की सामान्य औसत वर्षा 812.6 मि.मी. है.**

अधीक्षक भू-अभिलेख नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में एक जून से इस वर्ष अब तक नीमच में 827.5 मि.मी., जावद में 915 मि.मी., सिंगोली में 1157.5 मि.मी. एवं मनासा में 815 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई हैं.

# जिले में सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं के पास पर्याप्त मात्रा में है खाद

**रीवा, 27 अगस्त.** जिले भर में सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं द्वारा खाद का लगातार वितरण किया जा रहा है. अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि जिले को खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही है. निजी विक्रेताओं और सहकारी समितियों को आवंटित खाद राजस्व अधिकारियों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में वितरित की जा रही है. किसान आवश्यकता के अनुसार खाद का उठाव करें. गुप्ता खाद भंडार सेमरिया बीना खाद भंडार हरदुआ, इफको बाजार खाद भंडार मंनगवा तथा बड़ा गांव सहकारी समिति में खाद का वितरण किया गया.

# शराब बयान : पूर्व पार्षद पर एफआईआर

**जबलपुर,27 अगस्त. मप्र में सबसे ज्यादा महिलाएं शराब पीती हैं. कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के इस बयान पर सियासी पारा चढ़ गया है. जिसमें पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी भी फंस गए, उन्होंने भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी, जिसको लेकर भाजपा नेताओं ने घमापुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई.**



पुलिस के मुताबिक भाजपा पूर्व महानगर अध्यक्ष जी.एस. ठाकुर पिता स्व. बी. बी. सिंह 60 वर्षीय निवासी पुलिस लाईन कांचघर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि फेसबुक आईडी से कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा मध्यप्रदेश की महिलाओं द्वारा अधिक शराब पीने के बयान पर अपनी फेसबुक में यह टिप्पणी लिखी कि कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने तीज के अवसर पर मध्यप्रदेश की महिलाओं पर शराब पीने का आरोप लगाया, अब बहनें जबाव दें, इस पोस्ट पर सैकड़ों लोगों की प्रतिक्रियाएं आयी है जिसमें से शाबान मंसूरी पूर्व पार्षद के नाम से उसकी आईडी से प्रतिक्रिया दी गई है कि सब महिला पर शराब पीने का आरोप नहीं लगाया था, जो महिलाएं करती हैं, उनको समझा था, क्या वह गलत था. जीएस ठाकुर ने कहा कि पूर्व पार्षद ने हिन्दू महिलाओं द्वारा शराब पीने का सार्वजनिक आरोप लगाकर धार्मिक दंगा भडकाने का प्रयास किया है.

# खुलासा : रेत कारोबारी का हुआ था कत्ल, नहर में मिली थी लाश

**जबलपुर,27 अगस्त. बरगी नहर में मंगलवार देर शाम मिली रेत कारोबारी की लाश के मामले में नया खुलासा हुआ है. हत्या कर लाश को नहर में फेंका गया था, मृतक के सिर में धारदार हथियार से चोट के निशान हैं. पीएम के बाद अब पुलिस हत्या का मामला दर्ज करने की कार्रवाई कर रही है.**



बरगी नगर चौकी प्रभारी सरिता पटैल ने बताया कि रांझी क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय नितेश विश्वकर्मा पिता सुधीर विश्वकर्मा रेत एवं गिट्टी का कारोबार करता था. 24 अगस्त को कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 7482 लेकर घर से निकला था और घर वापस नहीं लौटा था. रांझी थाने में पुलिस परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी. 25 अगस्त की सुबह बड़ी नहर किनारे कार खड़ी मिली, जो अनलॉक थी. खून के धब्बे भी मिले थे. शंका के आधार पर नहर में तलाश कराई जा रही थी इसी बीच मंगलवार शाम शव मिला.

# सरकारी जमीन पर किया अवैध कब्जा

## सरकारी जमीन पर बनाई दरगाह

**शाजापुर,27 अगस्त. शाजापुर में सरकारी जमीन पर या तो कॉलोनी काट दी गई या लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया. सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले का दोष कम है, राजस्व अमले की लापरवाही ज्यादा है.**

क्योंकि किसी भी जमीन पर न एक दिन में कब्जा होता है और न उस पर बसाहट होती है, लेकिन राजस्व विभाग के आला अधिकारी कब्जे के समय ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन लोग जब कब्जा करते हैं, तो उन्हें हटाने की कार्यवाही होती है और लोग न्यायालय की शरण में पहुंचकर स्टे ले आते हैं और मामला जस का तस बना रहता है. ऐसा ही एक और मामला देखने में आया है पटवारी हल्का मूलीखेड़ा में. जहां वर्ष 1925 में सर्वे नंबर 14 हुआ करता था. जो बंदोबस्त के बाद सन 1997-98 में नवीन सर्वे 93 हो गया, जिसमें 1.89 हेक्टेयर रकबा बापू पिता पूना को सेवादार के रूप में आवंटित हुआ था. सर्वे नंबर 93 में दो बटे हैं. 93/1 में 0.8900 हेक्टेयर भूमि सरकारी है. जो चारागाह के लिए आरक्षित है. तो 93/2 में 1 हेक्टेयर जमीन सरकारी है, जिसे गर्ल्स हॉस्टल के लिए आवंटित किया गया था, लेकिन 93/1 में जो भूमि चारागाह की होकर सरकारी है, इस पर लगभग 60 से 70 अवैध झोपडियां बन गई हैं और इसी जमीन पर एक दरगाह भी बन गई है.

**जमीन पर भूमाफियाओं के खेल का तरीका**

मरी माता बाग में कब्रस्तान की जमीन और तालाब की जमीन पर भूखंडधारियों को बैठा दिया गया है. इसमें भूमाफिया बड़े तरीके से काम करते हैं. वे सरकारी जमीन के पास निजी जमीन खरीदकर निजी जमीन के सर्वे में विक्रय कर कब्जा सरकारी जमीन पर भूखंडधारियों को देते हैं. यही कारण है कि जब भी प्रशासन कार्यवाही करता है, तो सबसे बड़ा नुकसान उन भूखंडधारियों को होता है, जो भूखंड क्रय करते हैं.

### जबलपुर से लेकर कटनी तेंदूखूडा में लूट करने वाली गैंग पकड़ाई

**जबलपुर.** जबलपुर से लेकर कटनी, तेन्दूखूडा में महिलाओं के गले पर झपट्टा मार कर लूट करने गैंग के 3 सदस्यों को संजीवनी नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पूछताछ में 7 लूट की घटनाओं को खुलासा कर छीने हुये सोने के जेवर जब्त किए. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 पल्लवी शुक्ला ने बताया कि संजीवनी नगर, गढा, सिविल लाईन, कटनी एवं तेन्दूखूडा में सोने की चेन एवं मंगलसूत्र छीनने वाले आरोपी हर्ष झारिया पिता खेमचंद झारिया निवासी पीएनटी कालोनी थाना विजयनगर, संतोष चौधरी मदरटेरसा थाना माढोताल, रोहित रैकवार पिता प्रदीप रैकवार को गिरफ्तार किया.

# आवास योजना : झूठे शपथ देने पर कार्रवाई

## निगमायुक्त ने दिए धोखाधड़ी करने पर एफआईआर करने के निर्देश

**छिंदवाड़ा.** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत बीएलसी घटक के आवेदकों को जांच स्थल पर एवं दस्तावेजों के सत्यापन के माध्यम से की जा रही है. योजना के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल पर निरंतर आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, जिन्हें निगम के अधिकारी व कर्मचारी जांच कर पात्र-अपात्र की श्रेणी में वर्गीकृत कर रहे हैं. इस प्रक्रिया में प्रत्येक आवेदक से एक शपथ पत्र (अफिडेविट) भी लिया जा रहा है, जिसमें उसे यह घोषणा करनी होती है कि वह वास्तव में आवासहीन है, उसकी आय 3 लाख से कम है एवं वह योजना की शर्तों के अनुसार पात्र है. निगम अमले द्वारा जांच में पाया जा रहा है कि कुछ अपात्र हितग्राही भवन के कच्चे होने एवं आय के संबंध में झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत का रहे है. इन मामलों पर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने संज्ञान लेकर झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत करने वाले आवेदकों पर धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने ने निर्देश आवास शाखा को दिए.

> इस संबंध में आवास शाखा द्वारा एक अपील निगम के नोटिस बोर्ड में चस्पा की गई है जिसमें नगर निगम आयुक्त द्वारा ऐसे आवेदक जिन्होंने मिथ्या शपथ पत्र प्रस्तुत किया है उन्हें सात दिवस में उपस्थित होकर इस संबंध में स्पष्टीकरण देना होगा. निगमायुक्त श्री राय ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी आवेदक द्वारा पोर्टल पर गलत या भ्रामक जानकारी दी जाती है, तो यह आवास योजना की शर्तों का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में नियमानुसार एफआईआर दर्ज की जाएगी. उन्होंने आगे कहा कि यदि किसी आवेदक को यह महसूस होता है कि उसके आवेदन में त्रुटि हो गई है, तो वह पोर्टल से अपना आवेदन वापस ले सकते है अथवा स्वयं निगम की आवास शाखा योजना कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन संशोधित कर सकता है. इससे वह दंडात्मक कार्यवाही से बच सकता है. नगर निगम छिंदवाड़ा ने सभी आवेदकों से अपील की है कि वे आवेदन करते समय सही और प्रमाणिक जानकारी ही प्रस्तुत करें.

### वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाने पर चालान

**छिंदवाड़ा.** शहर समेत जिले में काली फिल्म और अन्य राज्यों की नम्बर प्लेट लगी लग्जरी कारों पर पुलिस की नजर हैं. अभी तक सीट बेल्ट और दस्तावेज न होने पर यातायात टीम चालानी कार्रवाई कर रही थी, अब काली फिल्म लगाकर घूम रहे कार सवारों पर भी पुलिस की नजर रहेगी. पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन पर यातायात और जिले के सभी थानों की पुलिस काली फिल्म लगी कारों के चालान काट रही हैं. यातायात उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे ने बताया कि शहर की सडकों पर काली फिल्म लगी कार और राज्य से बाहर के नम्बर प्लेट वाले वाहन अधिक दिखाई दे रहे हैं. ऐसे वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं.

# दो मोटरसाइकिलों का आमने-सामने टक्कर, महिला की मौत

**सिंगरौली 27 अगस्त. सरई थाना क्षेत्र के गोड़बहरा पेट्रोल पंप के पास आज दिन बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे दो मोटरसाइकिलो की आमने-सामने टक्कर हो गई.**

इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई. जबकि दो वाहनों में सवार तीन लोग घायल हो गये. जिनका ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरई में चल रहा है.

घटना के संबंध में सरई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज दिन बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे बरका पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम गन्नई टोला गजरहिया निवासी दलप्रताप सिंह अपने रिश्तेदार की मोटरसाइकिल से अपनी मॉ बाबी देवी सिंह एवं अन्य सुमन सिंह के साथ तहसील सरई आये थे कि वापस घर जाते समय ग्राम गोड़बहरा पेट्रोलपंप के पास गजरहिया तरफ से तेज रफ्तार में सामने से मोटरसाइकिल से आ रहे लालीमौहारी निवासी चालक रामलखन साकेत ने सीधे टक्कर मार दिया. इस हादसे में सभी बाईक सवार गिर गये और जिन्हें गंभीर चोंटे आई.

108 वाहन एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरई में भर्ती कराया गया. उपचार के दौरान बाबी देवी सिंह पति रणदमन सिंह उम्र 61 वर्ष की मौत हो गई. जबकि दलप्रताप सिंह एवं सुमन सिंह को भी गंभीर चोटे आई हैं.

### क्योटी वॉटर फॉल में मिले मां-बेटी के शव

**रीवा.** जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र के क्योटी वॉटरफॉल में डूबी मां-बेटी का शव से बरामद हो गए हैं. मृतका तीज के त्यौहार में नहाने गई थी. मंगलवार दिन ढलने तक चली खोजबीन के बाद भी कोई पता नहीं चला था. बुधवार सुबह से ही एसडीआरएफ टीम लगातार सर्चिंग कर रही थी. कुछ घंटों की मेहनत के बाद मां और बेटी का शव बरामद कर लिया. मिली जानकारी के मुताबिक दुलहरा निवासी फूलमती सोधिंया 50 वर्ष और उसकी बेटी कृषा सोधिंया 20 वर्ष के साथ हादसा हुआ. दोनों तीज के पर्व पर स्नान करने सुबह क्योटी जलप्रपात के पास महाना नदी पहुंची थी. अचानक मां फूलमती का पैर फिसल गया और वह डूबने लगी.

**चक्काजाम** खंडवा से पंधाना जाने का मार्ग हो चुका है बहुत जर्जर

# सडक़ों के गड्ढों से नाराज कांग्रेसियों ने कराया मुंडन

**खंडवा,27 अगस्त. त्यौहार की खुशी के बीच शहर में आक्रोश का माहौल भी दिखा. विघ्नहर्ता को घर लाने में सडक़ के गड्ढों ने एक युवा की जान ले ली थी. इस पर कांग्रेस आक्रोशित दिखी. सिरपुर फाटे पर चक्का जाम कर प्रशासन को चेताया कि यह सडक़ अब चलने और मरम्मत करने जैसी नहीं बची है.**



इसे फिर से बनाया जाए. प्रशासन ने वहां पहुंचकर कांग्रेसियों को समझाया. लंबे समय बाद चेतावनी देकर लोग घर पहुंच गए. बुधवार दोपहर अनोखा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला. यहां सडक़ के गड्ढों को लेकर स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने पहले तो चक्का जाम कर दिया, जिसके बाद वहीं बैठकर उन्होंने मुंडन तक करवा लिया. दरअसल निमाड़ अंचल में इन दिनों सडक़ के गड्ढों को लेकर जमकर हल्ला मचा हुआ है. जनहित में सक्रिय दिखे कांग्रेस वाले यहां इस सप्ताह में अब तक तीन लोगों की मौत सडक़ के गड्ढों के चलते हो चुकी है. जिसके बाद से यहां की सडक़ों की मरम्मत को लेकर आमजन में लगातार आक्रोश देखा जा रहा है. खासकर खंडवा से लेकर पंधाना जाने का करीब 20 किलोमीटर का डुल्हार तक का मार्ग बहुत ही जर्जर हो चुका है. जिसको लेकर आमजन के साथ ही विपक्षी दल भी इसे मुद्दा बनाकर सरकार और जिले के अधिकारियों को घेरने की कोशिश कर रहे हैं.

> **पुलिस पहुंची, दोनों तरफ कतारें**
>
> जाम की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा. इस बीच कुछ कांग्रेस नेता सडक़ पर ही बैठकर सरकार को सद्बुद्धि मिलने की मांग करते हुए मुंडन करवाने लगे. इस दौरान सडक़ के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई. मौके पर मौजूद अधिकारियों ने फिलहाल सडक़ की मरम्मत कराए जाने का आश्वासन भी दिया. हलांकि गड्ढों से नाराज होकर मुंडन करवा रहे कांग्रेस नेता रणधीर कैथवास सहित अन्य लोग पूरी सडक़ ही नए सिरे से बनाये जाने की मांग पर अड़े रहे और जमकर हल्ला करते हुए नारेबाजी करने लगे. करीब 1 घण्टे से अधिक चले इस प्रदर्शन के बाद अधिकारियों की समझाइश से यह धरना समाप्त हुआ.

# गौ माता के साथ गलत कृत्य के फोटो वायरल

## हिंदू संगठनों का आक्रोश

**अफजलपुर,27 अगस्त. सोशल मीडिया पर गौ माता के साथ गलत कृत्य करने की तस्वीरें वायरल होने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया. इस मामले में आरोपी देवीलाल धाकड़ के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया.**



घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. भंवर सिंह चौधरी के संगठन राष्ट्रीय गौरक्षक विभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा झिरकन निवासी के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी का जुलूस निकालने की मांग की. प्रशासन ने शुरुआत में जुलूस निकालने की अनुमति देने से मना कर दिया, यह कहते हुए कि इससे अशांति का माहौल बन सकता है. लेकिन संगठन के कार्यकर्ता प्रशासनिक वाहन के आगे धरने पर बैठ गए. इसके बाद प्रशासन ने मांग मानते हुए आरोपी का जुलूस बड़वन नईआबादी से शुरू कर बड़वन गांव होते हुए शासकीय दूध समिति की डेयरी तक निकाला. जुलूस के बाद आरोपी को प्रशासनिक वाहन में बैठाकर न्यायालय में पेश किया गया. इस कार्रवाई के दौरान बजरंग दल, राष्ट्रीय गौरक्षक विभाग और अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे. पुलिस प्रशासन की सतर्कता से स्थिति शांतिपूर्ण रही.